वन उत्पादकता संस्थान, रांची

बांस पौधशाला एवं रखरखाव पर साप्ताहिक प्रशिक्षण

वन उत्पादकता संस्थान रांची में बांस पौधशाला एवं रखरखाव पर बांस तकनीकी सहायता समुह एवं भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के तहत प्रायोजित साप्ताहिक प्रशिक्षण दिनांक 4.02.2019 से आयोजित किया जा रहा है| संस्थान के निदेशक डा. नितिन कुलकर्णी नें दीप प्रज्वलित कर इस प्रशिक्षण सत्र का विधिवत उद्घाटन किया| अपने उद्घाटन संबोधन में डा. नितिन कुलकर्णी नें बताया कि इस प्रशिक्षण में झारखण्ड एवं ओड़िसा राज्य के वन विभाग के वनपाल, वनरक्षी एवं रांची जिले के ग्रामीणों की प्रतिभागिता रहेगी| पांच दिनों तक चलनें वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जो दिनांक 04.02.2019 से 08.02.2019 तक चलेगा, प्रतिभागियों को बांस, बांस पौधशाला इसमे लगने वाले रोग, रोग नियंत्रण, टिशु कलचर द्वारा बांस का उत्पादन, बांस की व्यवसायिक खेती, खाद्य एवं सौंदर्य प्रसाधन के रूप में बांस के उपयोग इत्यादि विषयों पर प्रतिभागियों को विस्तृत तकनीकी जानकारी दी जाएगी| संस्थान के अनुसंधान समूह समन्वयक , डा. योगेश्वर मिश्रा ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी|

इस अवसर पर जबलपुर के सेवानिवृत वैज्ञानिक डा. के के. सोनी एवं बांस व्यवसायी श्री सुभाष भाटिया के आमंत्रित वयाख्यान के अतिरिक्त संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. शरद तिवारी, डा. संजय सिंह, डा. अनिमेष सिन्हा, डा. एम्. रे, डा. पी. के दास, श्री संजीव कुमार, श्री आदित्य कुमार, एवं तकनीकी अधिकारी, श्री रवि शंकर प्रसाद एवं श्री एस.एन.वैद्य प्रतिभागियों के कौशल विकाश के लिए बांस के विभिन्न विषयों की जानकारी देंगे. श्रीमती रूबी कुजुर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का संचालन किया| इस अवसर पर प्रशिक्षण सामग्री का विमोचन किया गया एवं आने वाले प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सामग्री का संस्थान के द्वरा वितरण किया गया।

बांस पौधशाला एवं प्रबंधन


बांस पौधशाला एवं प्रबंधन
INSTITUTE OF FOREST PRODUCTIVITY